जवाहरलाल नेहरु कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग

प्रेषक :डॉ. शेखर सिंह बघेल
सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी

क्रमांक 141
दिनांक 04.09.2023

कृषि शिक्षा के साथ ही वृक्षारोपण का कार्य एवं परंपरा विकसित करने हेतु छात्र-छात्राओं को किया आहवान - कुलपति डॉ. पी के मिश्रा

जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय में वृद्ध स्तर पर एक साथ वृक्षारोपण का आयोजन

जबलपुर 4 सितंबर 2023 I जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय कि कुलपति डॉक्टर प्रमोद कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय एवं विश्वविद्यालय अंतर्गत संचालित 11 महाविद्यालय (कृषि, हॉर्टिकल्चर, कृषि अभियांत्रिकी) में वृद्ध स्तर पर एक साथ वृक्षारोपण का आयोजन किया गया, कुलपति डॉक्टर पीके मिश्रा ने कहा कि सभी छात्र एवं छात्राएं अपनी कृषि शिक्षा के दौरान अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें एवं इस परंपरा को अपने साथियों एवं जूनियर्स में भी निर्वहन करने हेतु प्रेरित करें।

अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ अमित शर्मा एवं कृषि महाविद्यालय जबलपुर के प्रभारी अधिष्ठाता डॉ जयंत भट्ट के संयुक्त तत्वाधान में वृक्षारोपण का कार्यक्रम जबलपुर मुख्यालय में आयोजित किया गया , इस बृहद स्तर पर आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विभिन्न स्थान पर फॉरेस्ट्री विभाग प्रक्षेत्र इमलिया मैं 500 से अधिक बास का प्लांटेशन किया गया, इसके अलावा जे. एस. पटेल (छात्र) छात्रावास मैं 30, नेताजी सुभाष चंद्र बोस छात्रावास मैं 30, अंतरराष्ट्रीय गर्ल्स छात्रावास मैं 20 पौधों का पौधरोपण किया गया, इसमें प्रमुख रूप से बेल ,मधु कामिनी ,एकजोरा, नीम, आम, गुलमोहर ,कनेर ,पेंडुला अशोक, बास आदि का विश्वविद्यालय कि कुलपति डॉ पी. के. मिश्रा एवं सभी अधिकारियों द्वारा वृक्षारोपण किया गया ।

इस वृक्षारोपण कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ धीरेंद्र खरे, संचालक शिक्षक डॉ अभिषेक शुक्ला, संचालक प्रक्षेत्र डॉ आर एस शुक्ला, अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय डॉ जयंत भट्ट, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ अमित शर्मा, सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी डॉ शेखर सिंह बघेल, डॉ अमित झा समस्त विभागों की विभाग अध्यक्ष सभी छात्रावास अधीक्षक वैज्ञानिक कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र एवं छात्रों की सहभागिता रही